# दो सप्ताह में छह फीसदी बढ़ गई चीनी की कीमत

## गन्ना किसानों को समय पर भुगतान में मिलेगी मदद

**मुंबई।** गन्ने का उत्पादन कम होने से पिछले दो हफ्ते में चीनी के दाम छह फीसदी तक बढ़ गए हैं। थोक ग्राहकों की लगातार मांग से आगे भी इनकी कीमतों में और तेजी का अनुमान है। इससे गन्ना किसानों को समय पर भुगतान करने में मदद मिलेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी की कीमतों में तेजी से इस क्षेत्र की कंपनियों का लाभ सुधर सकता है। इनमें धामपुर, रेणुका सुगर, बलरामपुर चीनी, डालमिया भारत और द्वारिकेश जैसी कंपनियां हैं। इससे ये कंपनियां समय पर किसानों का बकाया भुगतान कर सकेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र के चीनी उत्पादन अनुमान में कटौती की गई है। 30 सितंबर को समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2022-23 में यह राज्य 1.05 करोड़ टन चीनी उत्पादन कर सकता है। पहले अनुमान 1.37 करोड़ टन का था। एजेंसी



**1.05**

**करोड़ टन चीनी का उत्पादन कर सकता है महाराष्ट्र विपणन वर्ष 2022-23 में**

### इन वजहों से बढ़ेगी मांग

गर्मी के मौसम में कोल्डड्रिंक और आइसक्रीम की मांग बढ़ जाती है। इससे चीनी की ज्यादा खपत होती है।

- अधिक खपत के कारण अगले महीने से चीनी की मांग बढ़ेगी तो इसकी कीमतों में भी तेजी आएगी।
- इसके अलावा, शादियों के सीजन के दौरान भी चीनी की खपत आमतौर पर ज्यादा होती है।